प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-386
04/09/2018

मुख्यमंत्री ने राज्य के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 04 सितम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राज्य के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती है। शिक्षक समाज के मेरूदण्ड हैं। इनको हर स्तर पर आदर एवं सम्मान मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने राज्य के शिक्षकों से आशा व्यक्त की है कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी को बढ़ायें, देश की भावी पीढ़ी को इस तरह तैयार करें कि उनके मन में देशप्रेम, भाईचारा, सद्भाव की भावना जगे। उनके अंदर देश के लिये कुछ कर गुजरने की तमन्ना विकसित हो और वे अपनी योग्यता, ज्ञान, विज्ञान एवं व्यक्तित्व के सहारे देश के गौरव को बढ़ायें तथा देश के नाम को उज्ज्वल करें।

******